अति आवश्यक / महत्वपूर्ण।

कार्यालय जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, अलीगढ़।

संख्या– 1255 / डी0ई0ओ0–2023(SVEEP) दिनांक– 23 नवम्बर, 2023

1– समस्त प्रभारी अधिकारी स्वीप,
अलीगढ़।

2– समस्त स्वीप कोआर्डिनेटर /
सहायक प्रभारी अधिकारी स्वीप,
अलीगढ़।

विषय– **विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2024 अभियान में स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु QR CODE के प्रचार–प्रसार के संबंध में।**

उपरोक्त विषयक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–481 / सी0ई0ओ0–6–59 / 4–2022(II) दिनांक–01.11.2023 के क्रम में इस कार्यालय के पत्र संख्या–1162 / डीईओ दिनांक–07.11.2023 का संदर्भ लें, जिसके माध्यम से आयोग द्वारा जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अवधि के दौरान विशेष अभियान तिथियों तथा मतदाता सूची के अन्तिम प्रकाशन के सम्बन्ध में स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रचार–प्रसार गतिविधियों से जनसामान्यों को अवगत कराये जाने तथा मतदाताओं द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण करने हेतु CEO UP Website, Voter Helpline App & voters.eci.gov.in का QR CODE की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

अतः उक्त के परिप्रेक्ष्य में आप सभी को पुनः निर्देशित किया जाता है कि निम्नानुसार दिए गए CEO UP Website, Voter Helpline App & voters.eci.gov.in का QR CODE का जन सामान्यों में व्यापक प्रचार–प्रसार कराते हुए कृत कार्यवाही से इस कार्यालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

QR code for https//voters.eci.gov.in

for Voter Helpline App

QR code for CEO UP website.

(पंकज कुमार)
अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
अलीगढ़।

प्रतिलिपिः– 1– जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी, अलीगढ़ महोदय को सूचनार्थ प्रेषित।

2– जिला सूचना अधिकारी, अलीगढ़ को दैनिक समाचार पत्रों में CEO UP Website, Voter Helpline App & voters.eci.gov.in का QR CODE का न्यूज आईटम के रूप में निःशुल्क प्रचार–प्रसार कराये जाने हेतु।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) /
उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
अलीगढ़।